समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# 1983 वर्ल्ड कप जीत के बाद पुलिस ने काटा चालान! जानिए टीम इंडिया के जश्न की अनसुनी कहानी

Publisher
Published on 25 Jun 2025



## भारतीय टीम ने रचा था इतिहास, लेकिन जश्न के बाद फंस गए थे खिलाड़ी – चालान कटने से लेकर बिल भरने की चिंता तक की दिलचस्प कहानी।

**नई दिल्ली, 25 जून 2025: 25 जून 1983** – यह तारीख भारतीय क्रिकेट इतिहास की सबसे गौरवशाली तारीखों में से एक मानी जाती है। इसी दिन **कपिल देव** की कप्तानी में **भारत ने वेस्टइंडीज** को हराकर अपना **पहला वर्ल्ड कप** जीता था। यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं थी, बल्कि पूरे देश के **आत्मविश्वास का प्रतीक** बन गई थी।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस जीत के बाद **टीम इंडिया एक अजीब मुसीबत** में फंस गई थी? **खिलाड़ियों का चालान कट गया था** और उन्हें जुर्माना भरना पड़ा था!

**1983 वर्ल्ड कप – भारत की ऐतिहासिक जीत**
**1983 का वर्ल्ड कप 9 जून** से शुरू हुआ था। भारत को शुरुआत में एक कमजोर टीम माना जा रहा था, लेकिन **वेस्टइंडीज** को पहले ही मैच में हराकर टीम ने सबको चौंका दिया। **सेमीफाइनल** में भारत ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

**फाइनल मुकाबला 25 जून 1983 को लॉर्ड्स** में हुआ, जिसमें भारत ने **183 रन बनाकर वेस्टइंडीज को 43 रन** से हराया। **मोहिंदर अमरनाथ** इस मैच के हीरो बने, जिन्होंने **26 रन बनाए** और **3 विकेट** लिए।

**वर्ल्ड कप जीतने के बाद कट गया चालान!**
वरिष्ठ पत्रकार विजय लोकपल्ली ने एक पॉडकास्ट में यह चौंकाने वाला किस्सा बताया। मैच जीतने के बाद खिलाड़ी इतने जश्न में

डूबे थे कि उन्हें डिनर तक नहीं मिल पाया और बर्गर खाकर भूख मिटानी पड़ी।

इसके बाद, खिलाड़ी जिस गाड़ी में सफर कर रहे थे, उसका ड्राइवर कानूनी तय समय से ज्यादा देर तक गाड़ी चला रहा था। लंदन पुलिस ने **चेकपॉइंट पर गाड़ी रोकी** और **ड्राइवर को पकड़ा**।

जब खिलाड़ियों ने पुलिस को बताया कि वे **वर्ल्ड कप** जीतकर आ रहे हैं, तो **ऑटोग्राफ** तो लिए गए, लेकिन चालान माफ नहीं हुआ। ड्राइवर पर जुर्माना लगा दिया गया।

### बिल भरने की चिंता और पाकिस्तानी प्लेयर्स की मौजूदगी

रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया कि कुछ **पाकिस्तानी खिलाड़ी** भी उस रात **टीम इंडिया** के साथ जश्न में शामिल हुए थे। एक पब में पार्टी के दौरान **कपिल देव** को चिंता हो गई थी कि इतना बड़ा बिल कौन भरेगा?

अनुमान है कि एक **अमीर भारतीय फैन** ने उस रात का पूरा बिल चुका दिया था।

### 1983 वर्ल्ड कप फाइनल मे भारत की प्लेइंग XI:

सुनील गावस्कर, कृष्णम्माचारी श्रीकांत, मोहिंदर अमरनाथ, यशपाल शर्मा, संदीप पाटिल, कपिल देव (कप्तान), कीर्ति आजाद, रोजर बिन्नी, मदन लाल, सईद किरमानी ,बलविंदर संधू

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.